उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, 19-सी, विधान सभा मार्ग, लखनऊ-226001

दूरभाष/फैक्सः 0522-2235752 फैक्सः 0522-2235806

Web-www.uppbpb.gov.in, Email-sampark@uppbpb.gov.in

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में

विज्ञप्ति

संख्या-पीआरपीबी-एक-1(150)//2023 दिनांकः लखनऊः फरवरी 24,2024

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 17.02.2024 एवं 18.02.2024 को किया गया था। उक्त भर्ती की लिखित परीक्षा के दोनों तिथियों के द्वितीय पाली के प्रश्न पत्रों के अनुचित तरीके से निर्धारित समय से पूर्व ही प्रसारित होने के सम्बन्ध मे प्राप्त सूचनाओं एवं प्रत्यावेदनों के आलोक में परीक्षा की विश्वसनीयता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाये रखने के दृष्टिगत दिनांक 17.02.2024 एवं 18.02.2024 की सभी पालियों की लिखित परीक्षा उ0प्र0 शासन द्वारा निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त क्रम में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा पुनः शीघ्र आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के संबंध में दिनांक 23.12.2023 को प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में आवेदन करने वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर पुनः प्रदान किया जाएगा । परीक्षा की तिथि तथा अन्य प्रासंगिक सूचनाएं यथासमय www.uppbpb.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।

अपर सचिव (भर्ती)

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

लखनऊ।